## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 19.01.2025 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अंतरिक्ष क्षेत्र में देश की हालिया उपलब्धियों की सराहना की, महाकुंभ को बताया समता और सदभाव का अदभुत संगम।**
- **प्रधानमंत्री ने संविधान लागू होने के 75 वर्ष पूरा होने पर इस वर्ष के गणतंत्र दिवस को बताया विशेष उत्सव, भाजपा की ओर से संविधान गौरव यात्रा अभियान के तहत लोगों को किया जा रहा जागरूक।**
- **केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने अपने लोकसभा क्षेत्र गिरिडीह में नल से जल योजना में गड़बड़ी का किया दावा, राज्य सरकार से की कार्रवाई की मांग।**
- **डीजीपी अनुराग गुप्ता ने जेल में बंद गैंगस्टर और उग्रवादियों को सहयोग करने वाले जेलकर्मियों को चिह्नित करने और उनपर कार्रवाई करने का दिया निर्देश।**
- **महिला हॉकी इंडिया लीग में आज ओडिशा वारियर्स और श्राची रार बंगाल टाइर्गस का मुकाबला राउरकेला में होगा।**

*****************

### अब समाचार विस्तार से

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में नए मानक स्थापित कर रहा है, दूरदर्शी वैज्ञानिक और नवप्रवर्तक भविष्य की चुनौतियों का समाधान प्रदान कर रहे हैं। आज आकाशवाणी पर अपने मन की बात कार्यक्रम की 118वीं कड़ी में राष्ट्र को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने अंतरिक्ष क्षेत्र में देश की हालिया उपलब्धियों की सराहना की। देश के पहले निजी उपग्रह समूह फायरफ्लाई को सफलतापूर्वक लॉन्च करने के लिए बेंगलुरु स्थित भारतीय अंतरिक्ष–तकनीक स्टार्ट–अप,पिक्सेल की सराहना करते हुए, प्रधान मंत्री ने इसे आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा, यह उपलब्धि आधुनिक अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में अग्रणी के रूप में भारत की स्थिति को उजागर करती है और निजी अंतरिक्ष क्षेत्र की बढ़ती ताकत और नवाचार को दर्शाती है।

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ पर प्रधानमंत्री ने कहा, यह समता और सद्भाव का अद्भुत संगम है. उन्होंने कहा, कुंभ विविधता में एकता का त्योहार मनाता है और लोग संगम की रेत पर एकत्र होते हैं। उन्होंने कहा, कुंभ में अमीर और गरीब एक साथ आते हैं और संगम में डुबकी लगाते हैं जो देश की एकता को दर्शाता है।

*****************

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में कहा कि इस वर्ष का उत्सव विशेष रूप से विशेष है क्योंकि इस वर्ष संविधान लागू होने के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं।   श्री मोदी ने संविधान निर्माण में योगदान देने वाले संविधान सभा के सदस्यों को सलाम किया। प्रधानमंत्री ने बाबा साहब अंबेडकर, डॉ. राजेंद्र प्रसाद और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद करते हुए कहा कि नागरिकों को इन महान नेताओं के विचारों से प्रेरणा लेनी चाहिए।

*****************

राज्य में भाजपा की ओर से संविधान गौरव यात्रा जारी है। इस अभियान के जरिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संविधान की 75वीं गौरवशाली यात्रा पर संसद में दिए गए, प्रेरणादायी भाषण को आम जनता तक पहुंचाया जा रहा है। इस दौरान कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। यह गौरव यात्रा 25 जनवरी तक चलाया जाएगा।

****************

कोडरमा की सांसद और केंद्रीय महिला एवम बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने अपने लोक सभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उन्होंने राज्य सरकार से गिरिडीह जिला में नल से जल योजना में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

वहीं ग्रामीणों ने कहा कि इस योजना का लाभ उन्हें नहीं मिल रहा है। महिलाओं ने बताया कि वो दो किलोमीटर दूर से पानी लाने को विवश हैं।

****************

पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने राज्य के विभिन्न जेलों में बंद गैंगस्टर और उग्रवादियों को सहयोग करने वाले जेलकर्मियों की भूमिका की जांच करने का निर्देश दिया है। उन्होंने जेल आईजी से ऐसे जेलकर्मियों को चिह्नित कर उनकी सूची बनाने को कहा है, ताकि उनपर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सके।

****************

उत्तरी छोटानागपुर जोन के आईजी माइकल राज एस ने बोकारो पुलिस केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रिकॉर्ड संधारण सही तरीके से नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की। हमारे संवाददाता ने बताया कि बोकारो पुलिस केंद्र का आईजी स्तर के अधिकारी द्वारा 12 वर्षों बाद निरीक्षण किया गया है। आईजी ने कहा, आवश्यक कागजात और रिकॉर्ड को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया है।

****************

खूंटी जिले के कई किसान अब धीरे धीरे अवैध अफीम की खेती छोड़कर वैकल्पिक साग सब्जियों की खेती से अपनी आमदनी दोगुनी कर रहे हैं।

****************

महिला हॉकी इंडिया लीग में आज ओडिशा वारियर्स और श्राची रार बंगाल टाइगर्स का मैच राउरकेला में खेला जाएगा। इससे पूर्व 17 जनवरी को दिल्ली एसजी पाइपर्स ने राउरकेला में खेले गये महिला हॉकी इंडिया लीग में अपनी पहली जीत दर्ज की। बता दें कि इस एचआईएल के दो मैच राउरकेला में खेले जा रहे हैं। लीग का समापन 26 जनवरी को रांची में होगा।

****************

## कुछ संक्षिप्त खबरें

- मजदूरी करने के सिलसिले में सउदी अरब गए डालटनगंज के एक युवक की मौत हो गयी। मृतक की पत्नी एवं परिवार के अन्य सदस्योंने केन्द्र एवं झारखंड सरकार से गुहार लगायी है।
- साहिबगंज में सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत ओवरलोडिंग वाहनो की जांच की जा रही है। जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी ने बताया कि सड़क दुर्घटना को कम करने के लिए ओवरलोडिंग वाहनों पर कार्रवाई की जा रही है।

*********समाप्त************